Low Cost of Higher Education in India

2701. DR. D. VENKATESHWAR RAO: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether low cost of higher education in India is drawing more foreign students especially from East Asian Countries, China etc; and

(b) if so, the reasons for decline noticeable in the case of students from Iran, Jordan and Iraq as well as Palestinian students?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (DR. MURLI MANOHAR JOSHI): (a) and (b) According to the information furnished by the Association of Indian Universities (AIU), there has been no increase in the number of students from East Asian Countries during 1995-96 compared to 1993-94 and 1994-95. The number during 1995-96, in fact, shows a decline in number of students wishing to study in India compared to 1994-95. The number of students from Iran, Iraq, Jordan and Palestine have declined during 1995-96 as against 1994-95. Though the reasons for decling havae not been analysed by the AIU, but could be attributed to socio-economic conditions in those countries.

इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना

2702. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या **मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में कितने विश्वविद्यालय हैं और ये किन-किन राज्यों में स्थित हैं;

(ख) किसी विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा देते समय किन-किन मानदण्डों को ध्यान में रखा जाता है;

(ग) क्या इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग लम्बे समय से चली आ रही है; और

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है?

मानव संसाधन विकास मंत्री (डा० मुरली मनोहर जोशी): (क) इस समय देश में 217 विश्वविद्यालय/सम विश्वविद्यालय हैं। इन विश्वविद्यालयों की राज्य-वार स्थिति निम्नलिखित है:—

क्रम० सं०	राज्य	विश्वविद्यालयों की संख्या
1.	आन्ध्र प्रदेश	19
2.	अरूणाचल प्रदेश	1
3.	असम	5
4.	बिहार	17
5.	गोवा	1
6.	गुजरात	11
7.	हरियाणा	5
8.	हिमाचल प्रदेश	3
9.	जम्मू और कश्मीर	3
10.	कर्नाटक	15
11.	केरल	7
12.	मध्य प्रदेश	16
13.	महाराष्ट्र	24
14.	मणिपुर	1
15.	मेघालय	1
16.	नागालैंड	1
17.	उड़ीसा	5
18.	पंजाब	5
19.	राजस्थान	10
20.	तमिलनाडु	18
21.	त्रिपुरा	1
22.	उत्तर प्रदेश	26
23.	पश्चिम बंगाल	12
24.	दिल्ली	9
25.	पांडिचेरी	1

(ख) केन्द्रीय विश्वविद्यालय कतिपय ऐतिहासिक या सांस्कृतिक कारणों को ध्यान में रखकर तथा केन्द्र-राज्य के संबंधों पर विचार करने के आधार पर स्थापित किए जाते हैं।

(ग) और (घ) इलाहाबाद विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में घोषित करने का एक प्रस्ताव जुलाई 1990 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय शिक्षक संघ से प्राप्त हुआ था, बाद में 1991 में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इसका समर्थन किया गया था। तथापि, यह मांग अभी तक स्वीकार नहीं की गई है।